7.1.1

कार्यालय प्राचार्य ,
चन्दूलाल चन्द्राकर शासकीय कला व वाणिज्य महाविद्यालय धमधा
जिला दुर्ग ÷छ.ग.)
Phone No. 07821-292144 , Email ID :- dhamdhacollege@yahoo.in
NAAC Accredited ''C''

धमधा दिनांक 13.09.2021

//ANNUAL GENDER SENSITIZATION ACTION REPORT//

महाविद्यालय में छात्र एवं छात्रायें एक साथ अध्ययन करते है जहॉ लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नही किया जाता है। महाविद्यालय में Gender Equity पर आधारित 4 अतिथि व्याख्यान सत्र 2020–21 में हुये इनमें से दो महिला प्रकोष्ठ (Women Cell) एवं दो समाजशास्त्र विभाग द्वारा कराये गये। महिला प्रकोष्ठ द्वारा पहला अतिथि व्याख्यान 01.03.2021 को श्रीमती हेलिना गिरधर अधिवक्ता द्वारा **''महिला उत्पीडन''** विषय पर दिया। इसके अलावा उन्होने घरेलु हिंसा, सेनेटरी पेड की महत्ता पर भी सारगर्भित जानकारी दी इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और लगभग 86 छात्रायें उपस्थित थी।

महिला प्रकोष्ठ के द्वारा दूसरा अतिथि व्याख्यान 09.03.2021 को डॉ.श्रीमती ज्योति धारकर, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभाग शासकीय वी.वाय.टी. महाविद्यालय दुर्ग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में **'' महिलाओं की दिशा एवं दशा ''** विषय पर दिया गया। इस व्याख्यान में भी महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, 36 छात्रायें एवं 12 छात्र उपस्थित थे।

समाजशास्त्र विभाग द्वारा 01.03.2021 को **''महिला विधिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता ''** विषय पर व्याख्यान रखा गया जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में श्रीमती हेलिना गिरधर अधिवक्ता रही इस कार्यक्रम में एम.ए. एव बी.ए. के अतिरिक्त अन्य संकाय की छात्राये एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

समाजशास्त्र विभाग द्वारा दूसरा अतिथि व्याख्यान 09.03.2021 को डॉ.ज्योति धारकर सहायक प्राध्यापक इतिहास शासकीय वी.वाय.टी. महाविद्यालय दुर्ग द्वारा **'' महिला सशक्तिकरण ''** पर दिया। इस कार्यक्रम में हमारे महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के छात्र–छात्रायें उपस्थित थी।

इस कार्यक्रम को कराने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विशेष रूप से छात्राओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं कानूनों के प्रति जागरूक करना है ताकि वे पुरूष एवं स्त्री के बीच संविधान द्वारा दिए गए समानता के अधिकारों को समझ कर अपने जीवन को सरल और सम्पन्न बना सके इसके साथ–साथ इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूक बनाना है।

Divya Nema
प्रभारी
Dr. Divya Nema
Asst Prof Chemistry

13/09/21
प्राचार्य
Principal
C.L.C. Govt. Art.& Co
College Dhamdh
Dist-Durg (C.G)